‘राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र’

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 29 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए रविवार, 14 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

नारायणगढ़ में विजय संकल्प रैली

# मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

**प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब आदमी की चिंता की और उनके लिए योजनाएं बनाने का काम किया**

**अफसर समस्या का समाधान निकाल दें अन्यथा 4 जून के बाद हम निकाल देंगे**

**सीएम नायब बोले- 24 घंटे रहूंगा आपके बीच**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब आदमी की चिंता की है और उनके लिए योजनाएं बनाने का काम किया है, जिससे गरीब आदमी को लाभ मिला है। गरीब आदमी के लिए आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के साथ-साथ किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ऐसी योजनाएं हैं जिनसे देश के करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। वह आज अपने गृह क्षेत्र नारायणगढ़ में भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने यहां पर विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उनकी जानकारी में जो भी काम आया है उसे करवाने का काम किया है चाहे वह यहां महिला कॉलेज बनाने की बात हो या कॉलेज में कमरा बनाने की बात हो, स्टेडियम बनाने की बात हो या फिर गांव में सामुदायिक केंद्र बनाने की बात हो। बागवानी विश्वविद्यालय का क्षेत्र केंद्र बनकर तैयार हो रहा है। अस्पताल बन रहा है। नदियों पर पुल बनाने का काम किया गया है इसके अलावा भी जो भी क्षेत्र की समस्याएं होंगी इसकी आवश्यकताएं होगी, उसे पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद अपने निर्वाचन क्षेत्र में पहली बार पहुंचे नायब सैनी ने कहा कि पहले भी उन्होंने इस क्षेत्र के हर आदमी की बात को सुना है और यहां के लोगों के लगातार संपर्क में रहे हैं। चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास के दरवाजे 24 घंटे यहां के लोगों के लिए खुले हुए हैं।

नायब सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने इस क्षेत्र को बहुत बड़ा सम्मान दिया है। यह सम्मान इस पूरे क्षेत्र की जनता का है। ऐसे में इस क्षेत्र के लोगों का दायित्व बनता है कि वह एक तरफ वोट कर बंतो कटारिया को देश में सबसे बड़ी जीत दिलाने का काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरे हरियाणा का विकास करने का काम किया है और 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आज भारत दुनिया का सिरमौर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई आदमी सोच भी नहीं सकता था कि नारायणगढ़ से 14 घंटे में मुंबई पहुंचा जा सकता है। नरेंद्र मोदी की सरकार ने इसे साबित करने का काम किया है। आज देश को नजदीक लाने और देश को मजबूत करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने विपक्ष द्वारा भारत जोड़ो और न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि विपक्ष के शासन काल में लोगों के साथ अन्याय होता था और इन्हीं लोगों ने देश को तोड़ने का काम किया। आज सुरक्षा की दृष्टि से भारत बहुत मजबूत है। आज सीमा पर ना तो पत्थरबाज नजर आते हैं और ना ही पत्थरबाजी होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सांस्कृतिक केदारनाथ का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकालेश्वर कॉरिडोर, कुरुक्षेत्र का जीर्णोद्धार, करतारपुर साहिब कॉरिडोर इस बात के उदाहरण है कि प्रधानमंत्री ने देश के सांस्कृतिक महत्व को सर्वोपरि माना है। उन्होंने कहा कि अगर आज लोगों की समस्याओं का समाधान कोई कर सकता है तो वह केवल नरेंद्र मोदी कर सकते हैं। उन्होंने खुद के मुख्यमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भाजपा में ही संभव है कि कोई छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी से बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी जाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह काम करें और हर व्यक्ति का सम्मान बढ़ाने का काम भाजपा करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी आचार संहिता लगी हुई है, वह ज्यादा बातें नहीं कर सकते लेकिन केवल इतना कह सकते हैं कि 4 जून को आचार संहिता खत्म होने के बाद हर समस्या का समाधान बैठकर किया जाएगा। उन्होंने एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि कल रात हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने उनसे किसी समस्या पर चर्चा की थी उसके बाद अधिकारियों के साथ बातचीत भी हुई। देर रात तक समस्या के समाधान को लेकर बैठक अधिकारियों से कहा कि समस्या का समाधान करो वरना चार तारीख के बाद समस्या का समाधान हम निकाल देंगे।

**4 जून के बाद हर एक की सुनी जाएगी बात**

सीएम ने कहा कि आचार संहिता लगी हुई है, मन की बात मन में है। मगर 4 जून के बाद आपकी एक-एक बात सुनी जाएगी। पीछे में राजस्थान में दो महीने लगाकर आया। वहां मंडल की बैठक ले रहा था, तब पता चला कि मुझे प्रदेश का अध्यक्ष बना दिया। अब जब कार्यक्रम में गया तो जोर की बारिश शुरू हो गईं। ढ़ाई से तीन हजार माताएं भी वहां पर थी, एक भी नहीं अपने स्थान से नही हिली और कुर्सियां सिर पर उठाकर वहीं बैठे रहे। यह लोगों को पीएम नरेन्द्र मोदी के लिए प्यार है। जब-जब मुझे नारायणगढ़ के लोगों ने काम दिए उन्हें हर संभव तरीके से करने का काम किया।

**मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी ने भी किया जनता को संबोधित**

हरियाणा मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने भी नारायणगढ़ में लोगों को संबोधित करने का काम किया। उन्होंने कहा कि नायब सैनी इस क्षेत्र के लाडले बेटे हैं, यह मुख्यमंत्री की जन्म और कर्मभूमि है। वह आप लोगों का आशीर्वाद लेने आए हैं। आप अपने बेटे को वोट के रूप में जम कर आशीर्वाद दीजिए।

**पहली बार मिली इलाके को चौधर : असीम गोयल**

हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि उन्होंने एक बीज से पौधा और पौधे से पेड़ बनते हुए नायब सैनी को देखा है। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ की गिनती पिछड़े इलाकों में होती थी लेकिन भाजपा ने इस इलाके को राजनीतिक रूप से सबसे आगे खड़ा कर दिया है। आज नारायणगढ़ हरियाणा की छोटी प्रतिमूर्ति बन गई है। उन्होंने एक किस्सा लोगों के साथ सांझा करते हुए कहा कि जब नायब सैनी मुख्यमंत्री बने तो एक दिन रात को देरी से कुछ लोग मिलने मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचे और जब रात 12 बजे मुख्यमंत्री उनको मिले और मुख्यमंत्री ने उनसे काम पूछा तो उन्होंने कहा कि काम कोई नहीं है, वह तो केवल यह देखने के लिए आए थे कि आप कहते थे कि आधी रात को भी आओगे तो मैं आपको मिलूंगा आप मिलते भी हो या नहीं। तब मुख्यमंत्री ने कहा कि समय क्या हुआ है ? तो उन्होंने कहा कि 12 बजे हैं। तो मुख्यमंत्री ने पूछा कि आपको अब कैसा लग रहा है तो लोगों ने कहा कि स्वाद आ गया।

**नरेंद्र मोदी ने किया हर वर्ग के लिए काम : बंतो कटारिया**

अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने बहुत से विकास के काम किए हैं और आगे भी यह जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लोगों के लिए काम किया है। मुस्लिम बहनों को तीन तलाक से मुक्ति दिलाने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि जब नायब सैनी मुख्यमंत्री बने तो उनके पास लाखों की संख्या में लोगों के फोन आए कि अब आपकी टिकट पक्की है। उन्होंने मनोहर लाल द्वारा दिए गए एक नारे धाकड़ जवान, धाकड़ किसान और धाकड़ पहलवान का भी जिक्र किया और कहा कि हरियाणा के लोग हर क्षेत्र में आगे हैं।

**यह लोग थे उपसथित**

नारायणगढ़ में विजय संकल्प रैली में पार्टी के जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, डॉक्टर पवन सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, अनीता खेड़ा, भोपाल सिंह खदरी, जवाहर सैनी, राजेश लाडी, सुरेंद्र राणा, राजेश बतोरा, राकेश बिंदल, रिंकी वालिया, अजीत वालिया, आईना गुप्ता, विवेक गुप्ता, गोल्डी सैनी, गुरनाम सिंह, रिचा पाहवा, विनू गर्ग मौजूद थे।

# संविधान को कुचलने व लोकतंत्र का गला घोटने की साजिश रच रही बीजेपी : दीपेंद्र हुड्डा

**सत्ताबल, धनबल, साजिश और षड्यंत्रबल के दम पर लोकसभा चुनाव लड़ रही बीजेपी- दीपेंद्र हुड्डा**

**मनोहर लाल खट्टर और बीजेपी सांसद ने कभी नहीं लिया बहादुरगढ़ की समस्याओं का संज्ञान- दीपेंद्र हुड्डा**

**कांग्रेस सरकार बनने पर रोहतक तक होगा मेट्रो का विस्तार, बहादुरगढ़ रिंग रोड का होगा निर्माण- दीपेंद्र हुड्डा**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बहादुरगढ़ (झज्जर), 13 अप्रैल।** बीजेपी संविधान को कुचलने और लोकतंत्र का गला घोटने की साजिश के तहत आगे बढ़ रही है। लेकिन कांग्रेस व देश की जनता बीजेपी के मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी। यह कहना है राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का। दीपेंद्र हुड्डा आज बहादुरगढ़ में हुए आशीर्वाद समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। इसका आयोजन राजेश जून द्वारा किया गया। समारोह में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर सांसद दीपेंद्र उत्साहित नजर आए।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वो इसी जनसमर्थन के दम पर प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। वहीं, बीजेपी सत्ताबल, धनबल, साजिश और षड्यंत्र बल के दम पर लोकसभा चुनाव लड़ रही है। उसके पास गिनवाने के लिए ना कोई काम है और ना ही बताने के लिए कोई उपलब्धि। लेकिन कांग्रेस अपने विकास कार्यों का लेखा-जोखा लेकर जनता के बीच जा रही है।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बतौर लोकसभा सांसद अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बहादुरगढ़ में मेट्रो लाने से लेकर कॉलेज, न्यूक्लियर रिसर्च संस्थान, कैंसर इंस्टीट्यूट, आईटीआई, स्कूल, बाईपास व पुल बनवाने समेत कई कार्य किए। इतना ही नहीं मेट्रो को सांखौल गांव तक लाने, अंडरपास और दूसरी तरफ के बाईपास को भी कांग्रेस सरकार के दौरान मंजूरी मिल चुकी थी। लेकिन उसके बाद सरकार बदल गई। बीजेपी ने बहादुरगढ़ समेत पूरी रोहतक लोकसभा के साथ इस कद्र भेदभाव किया कि कांग्रेस विकास के जिन कार्यों जहां छोड़कर गई थी, 10 साल बाद भी वो वहीं अटके पड़े हैं। बीजेपी के मौजूदा सांसद और साढे नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर ने कभी बहादुरगढ़ का संज्ञान नहीं लिया लेकिन इसबार रोहतक लोकसभा की जीत विधानसभा चुनावों के नतीजे को तय करगी। प्रदेश में एकबार फिर कांग्रेस की सरकार बनेगी और मेट्रो को रोहतक तक लेकर जाने, अंडरपास, दूसरी तरफ के बाईपास व दिल्ली की तर्ज पर बहादुरगढ़ का रिंग रोड बनाने के कार्यों को अमलीजामा पहनाया जाएगा।

आशीर्वाद सम्मेलन के बाद सांसद दीपेंद्र ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर हुए कार्यक्रम में भी शिरकत की। उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर दीपेंद्र हुड्डा ने जय भीम का उद्घोष करते हुए भीमराव अंबेडकर को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में बने हमारे संविधान पर बतौर सदस्य उनके दादा चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा के भी हस्ताक्षर हैं। उन्हें इस बात का गर्व है। लेकिन बीजेपी के नेता चुनावी मंचों से लगातार बाबासाहेब के दिए हुए संविधान को बदलने का ऐलान कर रहे हैं। लेकिन हम बीजेपी को चेतावनी देते हुए ऐलान करते हैं कि वो संविधान को 1 इंच भी टस से मस नहीं कर पाएगी।




# कांग्रेस की सरकार बनने पर कर्ज माफी आयोग का गठन किया जाएगा : कुमारी सैलजा

कहा-कृषि लागत एवं मूल्य आयोग को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस सदैव किसानों के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी, कांग्रेस की सरकार बनने पर किसान न्याय के तहत कम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा।

मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। किसानों के दम पर ही हम हरित क्रांति और श्वेत क्रांति लाने में सक्षम हुए। इनकी मेहनत की वजह से ही कृषि के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बना। पर आज किसानों को उनका हक देने के बजाए सरकार उन्हें अपमानित करने में लगी हुई है। कही किसानों पर लाठियां बरसाई जाती है तो कही उन पर गोली चलाई जाती है, कांग्रेस सदैव किसान के साथ खड़ी है और खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने घोषणा पत्र में किसानों के हक में अनेक बात कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले कम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसानों के कर्ज की कर्ज माफी को लेकर आयोग का गठन किया जाएगा। कांग्रेस ने किसानों से जीएसटी मुक्त खेती का वादा किया है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) को एक वैधानिक निकाय बनाया जाएगा। किसान से बीमा राशि के अनुसार प्रीमियम दिया जाएगा और सभी को निपटाना 30 दिनों के भीतर ही किया जाएगा। बड़े गांव छोटे शहरों में किसानों को खुदरा बाजार स्थापित किया जाएगा ताकि किसान अपनी उपज की आसानी से ला सके और उपभोक्ताओं को बेच सके।

# ऐतिहासिक होगी मुख्यमंत्री नायाब सैनी की विजय संकल्प रैली कार्यकर्ताओं में जोश : समय सिंह भाटी




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आगामी 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायाब सैनी की नूह में होने वाली विजय संकल्प रैली की तैयारियों को लेकर जिला कार्यालय झिर कमल नूंह पर एक आवश्यक बैठक का अयोजन किया जा गया जिसके मुख्य वक्ता जिला प्रभारी समय सिंह भाटी रहे। इस बैठक में तीनों विधानसभाओं की कोर कमेटी के सभी सदस्य, सभी जिला पदाधिकारी, सभी मोर्चो के जिलाध्यक्ष, सभी मंडलों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि आगामी 21 अप्रैल को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नूह में ऐतिहासिक रैली होगी। इसी को लेकर भाजपा कार्यालय पर मीटिंग हुई और सभी कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारी सौंपी। और रैली को कामयाब बनाने की रणनीति बनाई। जिला प्रभारी समय सिंह भाटी ने कहा कि ये चुनावी समय है सभी कार्यकर्त्ता चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं और सभी ने कमर कस ली है अबकी बार नूह जिले से पार्टी को समर्थन मिल रहा है और राव इंद्रजीत सिंह लोकसभा से भारी वोटो से विजय होगे।

# दामाद और उसके साथियों द्वारा ससुर की हत्या करने का मामला सामने आया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला के पिनगवां थाना के अंतर्गत ढांडोली गांव में दामाद और उसके साथियों द्वारा ससुर की हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक के बेटे साहुन ने पुलिस को दी हुई शिकायत में बताया कि उनका जीजा शाहिद उनकी बहन को लेकर घर आया था और उनके पिता सोहराब और उनके जीजा शाहिद में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी और शाम को उनके जीजा मेरे पिता को जान से मारने की धमकी देकर अपने गांव चला गया था लेकिन जब रात उसके पिता सोहराब अपने मकान में सो रहे थे तो तभी उनका जीजा शाहिद रात्रि करीब एक बजे अपने चार-पांच साथियों को लेकर उनके घर आया और उनके पिता से उनके कमरे का दरवाजा खुलवाया। उनके पिता सोहराब ने जैसे ही दरवाजा खोला तो उसके साथ उनके जीजा और उसके साथ आए अन्य लोगों ने मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट करते हुए उन्हें सरिया, लाठी, डंडों से बुरी तरह पीटा और उसके पिता ने जब शोर मचाया तो आरोपी लोगों को आता देख भाग गए। जैसे ही वो मौके पर पहुंचे तो उन्होंने अपने पिता को गंभीर हालत में जख्मी पाया , जिससे वो अपने पिता को लेकर जब इलाज कराने अस्पताल जा रहे थे तो रास्ते में ही उनके पिता सोहराब ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी, पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया और शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मांडी खेड़ा के अल आफिया अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में डीएसपी अजैब सिंह ने बताया कि मृतक के बेटे साहुन की शिकायत पर हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है और इस मामले में जल्द ही हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मामले में कई टीमें में गठित कर दी गई है और आरोपियों के ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। इतना ही नहीं डीएसपी अजैब सिंह ने कहा कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा

# स्कूल बसों को चेक करने के बाद खामियां मिलने के साथ-साथ स्कूल बसों को कर दिया गया इंपाउंड




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के निजी स्कूल बस हादसे में 6 बच्चों की मौत एवं एक दर्जन से ज्यादा घायल बच्चों का दर्दनाक हादसा अभी जहन से उतरा नहीं है। नूंह में भी निजी स्कूल नियमों को ताक पर रखकर छात्रों की जान खतरे में डालते दिखाई देते हैं। अधिकारियों के निर्देश के बाद नूह प्रशासन पुलिस भी अब अलर्ट मोड पर नजर आ रहा है। सभी स्कूल बसों को, चेकिंग के लिए वाईएमडी कॉलेज में बुलाया गया है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुखबीर सिंह तंवर मैं सभी स्कूलों को आदेश जारी कर दिए हैं सभी स्कूल बसों को वाईएमडी कॉलेज नूंह में चेक किया जा रहा है। लगभग स्कूल बसों को चेक करने के बाद खामियां मिली हैं खामियां मिलने के साथ-साथ स्कूल बसों को इंपाउंड कर दिया गया है सारी टीम मौजूद है तहसीलदार डीटीओ ट्रैफिक पुलिस मेडिकल जांच के लिए डॉक्टर मौजूद हैं गहनता से जांच की जा रही है उन्होंने कहा कि मैं भगवान , प्रार्थना करता हूं करता हूं कि उनके परिवार को सहनशक्ति दे और बच्चों की आत्मा को शांति दे नूह जिले में 240 प्राइवेट स्कूल है प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक 207 के लगभग बस चालू है फिटनेस चेक करने के लिए डीटीओ ऑफिस को नोटिस जारी कर दिया है नूंह जिला और तावडू, फिरोज झिरका ,पुनहाना, नगीना और पलवल जिले के मैदान में सभी बस ईखट्टी हो रही हैं सभी प्राइवेट स्कूलों के मालिकों को आदेश जारी कर दिए हैं अपनी-अपनी बसों को लेकर फिटनेस चेक कराए जल्दी स जल्दी वहां पर पहुंचे डॉक्यूमेंट साथ लेकर आए ड्राइवर लाइसेंस भी लेकर आए अगर किसी बस के पास फिटनेस नहीं है तो कार्रवाई की जाएगी और आदेश जारी कर दिए जाएंगे ऐसी बसों को रोड पर नहीं चलाएं बच्चों की सुरक्षा के लिए ध्यान दें वहांन पॉलिसी का विशेष ध्यान रखा जाएगा एचसीएस वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बातचीत होने के साथ-साथ सभी प्राइवेट स्कूलों से एफिडेविट लिए जाएंगे मीटिंग के दौरान नूह जिले के एसपी डीसी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी बीओ, मौजूद थे शिक्षा मंत्री ने भी आदेश दिए थे प्रत्येक महीने प्राइवेट स्कूलों से एफिडेविट लेना है और वह एफिडेविट सेल्फ अटेस्टेड होना चाहिए पॉलिसी रिप्लेसमेंट कर रहे हैं और स्कूलों में बच्चे सुरक्षित रहें बिजली पानी को लेकर भी सख्त आदेश जारी कर दिए गए हैं जिन स्कूलों में पानी की सुविधा नहीं है पानी की सुविधा दी जाएगी और जिन स्कूलों में लाइट की सुविधा नहीं है उन स्कूलों में पंखे और लाइट लगाई जाएगी।

# भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात, दी जीत की शुभकामनाएं

## करनाल में हुई मुलाकात, चौधरी ज़ाकिर हुसैन की धर्मपत्नी नसीमा हुसैन भी रहीं साथ



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** शनिवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नसीमा हुसैन एडवोकेट ने करनाल में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल लोकसभा से भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशी आदरणीय मनोहर लाल से मुलाकात कर उन्हें ईद-उल-फ़ितर के पावन पर्व की मुबारक़बाद व आगामी चुनाव में रिकॉर्ड जीत की शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर मनोहर लाल ने भी भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन को ईद की मुबारक़बाद दी।

चौधरी ज़ाकिर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपनी दूरगामी सोच की बदौलत पिछले साढे 9 वर्षों में प्रदेश को विकास व उन्नति में देश में अव्वल नंबर पंहुचाने का काम किया है। उन्होंने नेता नहीं बल्कि हरियाणा का बेटा बनकर इस प्रदेश का विकास किया है। आज उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा को विकास के मामले में नई ऊंचाईयों पर ले जाने का कार्य कर रहे है।

# प्रदेशभर में 75 फीसदी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में नहीं आग से सुरक्षा के मानक पूरे

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ।** जब कोई हादसा हो जाता है तब सरकार और शिक्षा विभाग की नींद टूटती है और तत्परता दिखाती है। 2017 में शिक्षा विभाग ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर नीति बनाई थी, 7 साल बाद भी ये नीति विभाग लागू नहीं करा पाया है। अब भी प्रदेश भर 75 फीसदी मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में आग से सुरक्षा के कोई मानक पूरे नहीं है। इस बात का खुलासा भी आरटीआई में ली गई जानकारी में हुआ है। स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के संस्थापक सदस्य बृजपाल सिंह परमार ने अब इस मामले की शिकायत मुख्य सचिव हरियाणा सरकार, अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग सहित अन्य को भेजी है। बृजपाल सिंह परमार ने बताया कि 2020 से लेकर 2023 तक हरियाणा दमकल एवं आपात कालीन सेवाएं विभाग से निजी स्कूलों को फायर संबंधी एनओसी लिए जाने की मांगी थी। इस सूचना पर हिसार जिले में 109 स्कूलों के संबंध में सूचना मांगी थी, जिसमें इस अवधि में एक भी स्कूल ने कोई फायर एनओसी नहीं ली। जबकि जींद जिले में 55 निजी स्कूलों में से 2020 से लेकर 2023 तक सिर्फ 10 निजी स्कूलों ने ही दमकल विभाग से फायर एनओसी ली है। इसी तरह भिवानी जिले में 103 निजी स्कूलों के संबंध में ये जानकारी मांगी थी। जिसमें से 2020 में किसी स्कूल ने एनओसी नहीं ली, जबकि 2021 और 2022 में आठ-आठ निजी स्कूलों ने ही एनओसी ली थी। इसी तरह 2023 में भिवानी के सिर्फ 2 निजी स्कूलों को ही दमकल विभाग ने फायर एनओसी जारी की है। बृजपाल सिंह परमार ने कहा कि 2020 में बच्चों की सुरक्षा से जुडे मामले को लेकर सीएम विंडो में भी शिकायत दी थी, इस शिकायत पर शिक्षा विभाग निदेशायल कुंडली जमाकर बैठा है। बृजपाल सिंह परमार ने आरोप लगाया है कि प्रदेशभर में 75 फीसदी निजी स्कूलों ने फायर एनओसी नहीं ली है,

**2017 में बनाई थी बच्चों की सुरक्षा की नीति, 7 साल बाद भी लागू नहीं कर पाया शिक्षा विभाग**

**हादसा होने पर ही जागती है सरकार और शिक्षा विभाग, 2020 में दी बच्चों की सुरक्षा की शिकायत पर भी जमाई विभाग ने कुंडली**

**हिसार जिले में 109 निजी स्कूलों में किसी के पास नहीं फायर एनओसी**

**जींद में 55 स्कूलों में सिर्फ 10 स्कूल तो भिवानी में 103 स्कूलों में 7 स्कूलों ने ली फायर एनओसी**

जबकि कुछ निजी स्कूलों ने अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी फायर एनओसी लगाकर भी मान्यता हासिल की है; ऐसे ही एक मामले में भिवानी जिले के एक निजी स्कूल के खिलाफ उनकी शिकायत पर जूईकलां पुलिस थाना में धोखाधडी का केस भी दर्ज हो चुका है।

**शिक्षा अकादमी और कोचिंग सेंटरों में भी नहीं कोई सुरक्षा मानक**

बृजपाल सिंह परमार ने दमकल विभाग से 2014 से अब तक आरटीआई में यह भी जानकारी मांगी थी कि भिवानी जिले में शिक्षा अकादमी, कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी की फायर एनओसी ली है या नहीं। इसका जवाब में किसी भी संस्थान की कोई फायर एनओसी नहीं हुई है। शिक्षा अकादमी, कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरियों में भी बच्चों की सुरक्षा के मानक पूरे नहीं हैं, इनके अंदर भी कोई आग से हादसा होता है तो गंभीर परिणाम सामने आएंगे। क्योंकि ये बहुमंजिला इलाकों में काफी संकरी और तंग जगहों में चल रहे हैं, जहां न तो आपात काल में निकासी का कोई रास्ता है न आग से बचाव के कोई प्रबंध। आरटीआई में यह भी मांगा था कि एनओसी नहीं लेने पर क्या कार्रवाई की है तो दमकल विभाग का जवाब भी हास्यास्पद रहा कि इसका संस्थान खुद जिम्मेदार होगा।

**संगठन की शिकायत के बाद बनाई थी विभाग ने सुरक्षा पॉलिसी**

बृजपाल सिंह परमार ने बताया कि फरीदाबाद के एक निजी स्कूल में हुई घटना के बाद स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन की शिकायत दी थी। जिसके बाद हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग ने 2017 में स्कूलों के अंदर बच्चों की सुरक्षा और सुरक्षित वाहन ट्रांस्पोटेशन को लेकर नीति बनाई थी। इस बारे में जिला और खंड स्तर पर कमेटियों का भी गठन किया था, लेकिन 7 साल बाद भी शिक्षा विभाग अपनी ही बनाई नीति को लागू नहीं करा पाया है।

## साढ़ौरा में भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के समर्थन में विजय संकल्प रैली में मुख्यमंत्री नायब सैनी बोले:

# हमारी सरकार ने किसानों के खाते में फसल खराब होने पर 10 साल में 12500 करोड़ रुपए दिए

**देश इस बार कांग्रेस को नेता विपक्ष बनने का मौका भी नहीं देगा**

**कांग्रेस ने देश को हमेशा तोड़ने का काम किया**

**कांग्रेस झूठ बोलने और बरगलाने वाली पार्टी**

**मोदी ने हाईवे के माध्यम से पूरे देश को जोड़ने का काम किया**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि देश में अगर किसानों के किसी ने चिंता की है तो वह नरेंद्र मोदी हैं। नरेंद्र मोदी ने किसानों का खर्चा कम हो और आमदनी ज्यादा हो,इस बात को लेकर हर समय नई-नई योजनाएं बनाने का काम किया और उन्हें लागू करने का काम किया। आज जो लोग किसानों के हितैषी बने बैठे हैं, उनके राज में किसानों पर गोलियां चलाई गई और किसानों की हत्या की गई। नरेंद्र मोदी ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 6000 रुपए प्रति साल देने का काम किया। किसानों के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना शुरू की गई। किसानों को सबसिडी देकर उनके खेत में पानी पहुंचाने का काम किया जिससे किसानों को दोगुना पानी मिला और उनके खेतों में अब दोगुना फसल पैदा होने लगी है। कांग्रेस के राज में किसानों को मुआवजे के रूप में फसल बीमा के 2-5 और 10 रुपए के चेक मिलते थे,लेकिन वर्तमान सरकार ने किसानों के खाते में फसल खराब होने पर 10 साल में 12500 करोड रुपए देने का काम किया है जबकि पिछले सरकार ने 10 साल में केवल 1150 करोड रुपए दिए थे। कांग्रेस शासन के दौरान का 263 करोड रुपए भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देने का काम किया। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना लागू की तब नारायणगढ़ में कांग्रेस की नेता शैलजा ने धरना देते हुए इसे किसानों के साथ धोखा बताया था।

आज यमुनानगर साढ़ौरा में भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कांग्रेस को झूठ बोलने और बरगलाने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा निकलते हैं और अपने चुनाव घोषणा पत्र में न्याय करने की बात करती है जबकि उसे अपने पूर्वजों के कार्यों को देख लेना चाहिए। कांग्रेस ने देश को जोड़ने नहीं बल्कि देश को तोड़ने का काम किया है। नरेंद्र मोदी ने हाईवे के माध्यम से पूरे देश को जोड़ने का काम किया है हर आदमी का जीवन सरल और सुगम बनाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में धारा 370 पर पुनर्विचार करने की बात कही है लेकिन यह देश इस बार कांग्रेस को नेता विपक्ष बनने का मौका भी नहीं देगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से जो देश का नाम ऊंचा हो रहा है,उसके कारण विदेशों में बैठे भारतीयों का भी सीना चौड़ा हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज देश विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है और लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में देश के गरीब लोगों की चिंता है और इसी चिंता के कारण उन्होंने देश में आयुष्मान कार्ड योजना शुरू की ताकि जरूरत पड़ने पर गरीब आदमी गर्व के साथ अच्छे से अच्छे अस्पताल में अपना इलाज करा सके। गरीब आदमी की चिंता नरेंद्र मोदी ने की और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लेकर आए ताकि देश की गरीब महिलाओं को खाना बनाते समय धुएं का सामना न करना पड़े,उनकी आंखों में आंसू ना आएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सालों में विकास की नई गाथा लिखी है और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार बना कर विकास के और नए आयाम स्थापित करेंगे।

**यह रहे मौजूद**

सभा में जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, डॉक्टर पवन सैनी, शालिनी शर्मा, पूर्व डीजीपी बीएस संधू, रमेश ठसका, भोपाल सिंह खदरी, रामनिवास गर्ग, ईश्वर सिंह पलाका, मदन चौहान, कृष्ण सिंगला, आदित्य चावला, पुनीत बिंदल मुख्य रूप से मौजूद थे।

**लोकतंत्र कांग्रेस ने खत्म किया था : कंवरपाल गुर्जर**

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि देश में लोकतंत्र अगर किसी ने खत्म करने का काम किया है,तो वह कांग्रेस है। कोर्ट से एक फैसला इंदिरा गांधी के खिलाफ आने पर देश में इमरजेंसी लगा दी गई। 85000 नेताओं को जेल में बंद कर दिया गया जिसमें से 80000 नेता जनसंघ से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी विपक्ष के लोगों को कार्यकाल पूरा करने नहीं दिया। 100 से ज्यादा बार 356 लगाकर प्रदेश की चुनी हुई सरकारों को भंग किया और राष्ट्रपति शासन लगाने का काम किया। कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि जब कांग्रेस हारती है तो वह ईवीएम हैक होने की बात कहती है, लेकिन ईवीएम हैक नहीं होती,बल्कि हम जो हर रोज इस प्रकार की रैलियां कर रहे हैं,उससे लोगों का रुझान भाजपा की तरफ बनता है और लोग वोट डालते हैं तथा भाजपा को चुनते हैं।

**हर क्षेत्र में हुआ समान विकास : बलवंत सिंह**

पूर्व विधायक बलवंत सिंह साढ़ौरा ने कहा कि मोदी ने देश का विश्व में कद बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल के शासनकाल में जब भी वह क्षेत्र के विकास के लिए मिले तो मुख्यमंत्री ने कभी भी किसी काम के लिए इंकार नहीं किया। स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष जोर दिया गया। इस इलाके में तीन नए कॉलेज बने और अब इस क्षेत्र को मुख्यमंत्री ही मिला है।

**प्रधानमंत्री ने गरीबों का ध्यान रखा : बंतो कटारिया**

अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार बंतो कटारिया ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से भाषण देते हुए कहा था कि वह गरीब आदमी है और उन्होंने गरीबों का ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 12 करोड़ शौचालय बनवाकर महिलाओं को इज्जत देने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना लागू की और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा की बेटियों को 5 लाख टैबलेट देकर उनकी शिक्षा को आगे ले जाने का काम किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण में विश्वास रखते हैं उन्होंने महिला आरक्षण बिल पास करने का काम किया और सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से एक लाख लखपति दीदी बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज स्थित है कि कांग्रेस के पास अंबाला में चुनाव लड़ने के लिए कोई उम्मीदवार नहीं है।

# 25 मई को लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देकर कर्ज उतारेगा मेवाती : रसीद मेव

## डूंगरपुर गाँव में मीडिया समन्वयक का हुआ जबरदस्त स्वागत



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** मेवात का इतिहास स्वर्णिम और अनुकरणीय है। सच्चाई में यह वीर बलिदानियों की गौरव गाथा है। जिसे जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। यह बात मुख्यमंत्री नायाब सैनी के मीडिया समन्वयक मुकेश वशिष्ठ ने शुक्रवार देर शाम डूंगरपुर गाँव में आयोजित नुक्कड सभा में कहे। नुक्कड सभा का आयोजन मेव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रसीद मेव किया। जबकि अध्यक्षता सरपंच सद्दाम ने की।

गाँव पहुंचने पर ग्रामीणों ने मीडिया समन्वयक का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए मीडिया समन्वयक वशिष्ठ ने कहा कि जब-जब देश पर विदेशी हुकूमत ने आक्रमण किया, देश की गैरत को ललकारा तब-तब मेवात के वीरों ने उनका डटकर मुकाबला किया। मेवात के वीरों ने दिल्ली के सुल्तानों व मुगल बादशाहों ही नहीं, बल्कि देश की आजादी में अंग्रेजों से भी डटकर लोहा लिया। शायद ही मेवात क्षेत्र का कोई गाँव ऐसा होगा, जिसमें से कोई शहीद न हुआ हो। मेवाती वतनपरस्ती के परिचायक है। शहीद राजा हसन खां मेवाती इसका सबसे बड़ा सबूत है। दुर्भाग्यवश पूरानी सरकारों ने कभी मेवात के इतिहास पर न कभी विचार किया और न समझने की कोशिश की। कांग्रेस, इनेलो सरकारों ने मेवातियों को सिर्फ वोट-बैंक मानकर रखा। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की वर्तमान हरियाणा सरकार मेवात के गौरवशाली इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। मेव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रसीद ने कहा कि 9 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जिस तरह से हरियाणा सरकार ने मेवातियों को सम्मान दिया है, उसे कोई मेवाती भूला नहीं सकता। 25 मई को लोकसभा चुनाव में हर मेवाती भाजपा को वोट देकर अपना कर्ज चुकाएगा।

इस मौके पर पूर्व सरपंच मुकदीस, सुबराती, अज्जर रफी, मोहम्मद तालिब, मामन, शेरद्दीन, फौजी जानू जुल्ला, उसमान और अख्तर इमरान और कालू सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सैफ अली खान की हुई शख्स से लड़ाई



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** सैफ अली खान बॉलीवुड इंडस्ट्री के प्रमुख अभिनेता हैं, जिन्हें उनकी पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन दोनों ही चर्चा में रहते हैं। हाल ही में, सैफ के करीबी दोस्त, एक्टर और फिल्ममेकर कमल सदाना ने सैफ के साथ हुई एक झगड़े की घटना को खुलासा किया है, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे को दांत से काट लिया।

**शख्स ने काटा दांत**

कमल ने आगे बताया कि इससे झगड़ा हो गया क्योंकि सैफ और दूसरा लड़का बीच सड़क पर अपनी कारों से उतर गए। वह बेतरतीब आदमी कार से उतरा, सैफ भी नीचे उतरे और उन्होंने लड़ना शुरू कर दिया। मैं और अमृता बोनट पर आकर बैठ गए। हालांकि बाद में ये लड़ाई भयावह हो गई। क्योंकि दोनों ने एक-दूसरे को दांत काट लिया था। हालांकि बाद में दोनों हंसने लगे और गले भी लगा लिया।

कमल ने बताया कि लड़ाई खत्म होने के बाद दोनों सीधे अस्पताल गए और सैफ ने खुद को टिटनेस का इंजेक्शन लगवाया। दिलचस्प बात यह है कि सैफ अली खान और कमल सदाना के रिश्ते की शुरुआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि सैफ अली खान ने बेखुदी में उनकी जगह ले ली थी, जो कि उनकी पहली फिल्म मानी जाती। इस फिल्म से काजोल ने भी डेब्यू किया। हालाँकि, बाद में उनमें गहरी दोस्ती हो गई, जो आज भी वैसी ही है। कमल ने उसी इंटरव्यू के दौरान यह भी खुलासा किया कि सैफ की बहन सबा अली खान पटौदी आज भी उन्हें हर साल राखी बांधती हैं।

# निर्वाचन आयोग का बुजुर्ग मतदाताओं के घरों तक पहुंचने का अतिरिक्त प्रयास



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा चुनाव 2024 में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की है। 85 साल से अधिक आयु वाले और 40% से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजनों को यह विकल्प उपलब्ध है। इस श्रेणी के मतदाताओं ने पहले और दूसरे चरण के मतदान के लिए अपना वोट डालना शुरू कर दिया है। यह पहल लोकतांत्रिक भागीदारी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण है। देश भर में 81 लाख से अधिक 85+ वृद्ध मतदाता और 90 लाख से अधिक दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ घोषणा की थी कि बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर पर मतदान की सुविधा देकर यह आयोग की उनके प्रति चिंता और सम्मान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि यह लोगों को दैनिक जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। पहले चरण के मतदान में घर पर मतदान की सुविधा का लाभ उठाने वाले मतदाताओं ने ईसीआई की पहल के लिए आभार और संतोष व्यक्त किया है। मतदान कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के पूरे दल की भागीदारी से घर से मतदान होता है और पूरी मेहनत के साथ मतदान की गोपनीयता बनाकर रखी जाती है। इसके साथ, ईसीआई ने अधिक न्यायसंगत और अपना प्रतिनिधि चुनने की लोकतांत्रिक सुविधा की दिशा में एक और निर्णायक कदम उठाया है, जहां शारीरिक सीमाओं या उम्र की परवाह किए बिना प्रत्येक नागरिक की आवाज मायने रखती है।

राजस्थान के चुरू में एक ही परिवार के आठ दिव्यांग मतदाताओं ने भारत के चुनावी लोकतंत्र की ताकत पर जोर देते हुए घर से मतदान करने की सुविधा का प्रयोग किया। छत्तीसगढ़ में, बस्तर और सुकमा आदिवासी जिलों की 87 वर्षीय इंदुमती पांडे और 86 वर्षीय सोनमती बघेल ने घर पर डाक मतपत्र का उपयोग करके अपने मताधिकार का प्रयोग किया और इस सुविधा के लिए चुनाव आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। महाराष्ट्र में, ईसीआई मतदान टीमों ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र गढ़चिरौली जिले के सिरोंचा शहर में दो बुजुर्ग मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए 107 किलोमीटर की यात्रा की।


# कनीना क्षेत्र में हुई 7 एमएम बारिश खेतों में गेहूं की फसल भीगी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शनिवार को दोपहर में मौसम ने अचानक पलटी खाई और तेज हवाओं के साथ अच्छी बारिश हुई।

क्षेत्र में 7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई जिससे शहर के सिटी पुलिस थाना, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर सहित मुख्य मार्ग पर पानी भर गया यात्रियों में वाहन चालकों को परेशानी हुई वहीं खेतों में काटी गई गेहूं की फसल भीग गई और गेहूं की कटाई कारी भी प्रभावित हुआ। इधर बारिश होने पर तेज गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहाना हो गया। फसल निकलते समय वायुमंडल में उड़ रही डस्त से भी निजात मिली।






## संपादकीय

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है।

देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलबधियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है।

भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं- जा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।

राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकर्ताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है।

कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना। वर्तमान के हाथों में जीवन की संपूर्ण जिम्मेदारियां थमी हुई हैं। हो सकता है कि हम परिस्थितियों को न बदल सकें पर उनके प्रति अपना रूख बदलकर नया रास्ता तो अवश्य खोज सकते हैं। आने वाले नये राजनीतिक नेतृत्व का सबसे बड़ा संकल्प यही हो कि राष्ट्रहित में स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सर्वोपरि रहेगा। व्यक्ति का क्या मूल और क्या विसात। विरोध नीतिगत होना चाहिए व्यक्तिगत नहीं। एक उन्नत एवं विकासशील भारत का निर्माण करने के लिये हमें व्यक्ति नहीं, मूल्यों एवं सिद्धान्तों को शक्तिशाली बनाना होगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, पलवल पुलिस व अर्धसैनिक बल ने निकाला फ्लैग मार्च



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पलवल पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला, भा०पु०से० के दिशा निर्देशानुसार आज शनिवार को लोकसभा चुनाव के मध्यनजर पलवल शहर व कैंप एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व आइटीबीपी की टुकडी ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

जानकारी देते हुए डीएसपी पलवल श्री दिनेश यादव ने बताया कि 25 मई 2024 को प्रदेश में लोकसभा चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिसके सम्बन्ध में चुनाव की घोषणा के उपरांत हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। जिला पलवल में लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने आइटीबीपी जवानों के साथ मिलकर शहर में फ्लैग मार्च निकाला।

उन्होंने कहा कि मतदाता पूरी निडरता के साथ अपने विवेक व स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। चाहे शहर हो या फिर देहात, जहां भी संवेदनशील मतदान केन्द्र हैं, वहां पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं, तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर तथा पूरी निगरानी रखी जा रही है।

डीएसपी ने बताया कि थाना कैंप पलवल प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में यह फ्लैग मार्च शहर पलवल एवं कैंप क्षेत्र के विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना पैदा करना है, ताकि वे निर्भय होकर अपना मतदान कर सके। फ्लैग मार्च दौरान पुलिस ने लोगों को बिना किसी डर भय के चुनाव प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। फ्लैग मार्च के दौरान आम जन से यह भी ही अपील की गई है कि मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें प्रभावित करें तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि ऐसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस व बैसाखी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** पलवल की जाट धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस व बैसाखी पर्व बड़े ही हर्सोउल्लास के साथ मनाया गया इस अवसर पर जाट समाज के लोगों ने जाट महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन पर प्रकाश डाला साथ ही लोकसभा चुनावों में एकजुट होकर वोट करने की अपील की। अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस व बैसाखी पर्व के अवसर पर पलवल की जाट धर्मशाला में सभी वक्ताओं ने जाट इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा की देश के इतिहास में जाट समाज का बहुत बड़ा योगदान रहा है चाहे वो देश की आजादी की बात हो या फिर मुगल शासन की बात हो हमेशा जाट योद्धाओं ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है।

वक्ताओं ने कहा की जाट समाज एक ऐसा समाज है जो सभी को साथ लेकर चलता है सभी की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा आज अंतरराष्ट्रीय जाट दिवस मनाने का उद्देश्य है की अपनी कौम के युवाओं को जाट इतिहास की जानकारी देना की किस तरह देश के निर्माण में जाटों का योगदान रहा है। उन्होंने कहा की समाज के युवाओं को अपनी कौम के महापुरुषों का अनुसरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा की 13 अप्रैल का दिन जाट समाज देश व समाज में भाईचारा बढ़ाने व कौमी एकता के रूप में मनाता है।

वक्ताओं ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस जाट समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि यह उनकी सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं का जश्न मनाने का अवसर प्रदान करता है । यह समाज में जाटों के योगदान को प्रतिबिंबित करने और उनकी पहचान और एकता को बढ़ावा देने का भी दिन है। इस मौके पर जाट धर्मशाला के अध्यक्ष रणवीर चौहान, इनेलो नेता केशर डागर, भाजपा नेता बलदेव अलावलपुर, कांग्रेस नेता मनधीर मान, आप जिला अध्यक्ष चंद्र शेखर रावत, मूलचंद बडगूर्जर, करतार डागर, राहुल तंवर सहित तमाम जाट समाज के मौजिज लोग मौजूद रहे।

# महंत व उनके चालक पर दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** बहिन थाना पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर महंत व उसके गाड़ी चालक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। मामले में खबर लिखे जाने तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पीड़िता युवती न्याय के लिए दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है।

बहिन थाने में दर्ज एफ आई आर के मुताबिक एंव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी एक युवती ने बहीन थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि जब में घरेलू परेशान थी तो कोसीकलां के समीप धार्मिक स्थल के दर्शन करने के लिए गई थी। पीड़िता ने बताया की वहा मेरी मुलाकात जो अपने आप को मंदिर का महंत बताता है से हुई। मंदिर के कथित महंत ने मुझे सांत्वना दी और भगवान की भक्ति में आस्था रखने की बात कही। युवती ने बताया कि 18 जून 2021 को महंत मुझे गांव बहिन में माता के दर्शन कराने की बात कहकर मुझे अपने साथ गाड़ी में उक्त धार्मिक स्थल से लेकर आए थे। युवती ने बताया कि महंत के साथ उनकी गाड़ी का चालक भी घटना के वक्त वहां मौजूद था। युवती ने बताया कि जैसे ही गाड़ी होडल-नूह रोड पर पहुंची तो चालक ने गाड़ी को गांव लोहिना की और मोड़ लिया। युवती द्वारा पूछने पर महंत ने बहीन का रास्ता यही बतलाया। युवती ने बताया कि कुछ आगे चलने पर महंत ने मुझे प्रसाद दिया और कहा कि इसे खा लो। महंत के कहने पर मैंने प्रसाद खा लिया। प्रशाद खाते ही में बेहोश हो गई जब मुझे कुछ देर बाद होश आया तो मेरे शरीर पर कपड़े नही थे और महंत भी बगैर कपड़ो के था। युवती ने आरोप में बताया कि कथित महंत ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। जब मैंने महंत का विरोध किया तो गाड़ी चालक ने अपने पास से हथियार निकल कर मुझे जान से मारने की धमकी दी। युवती ने बताया कि महंत व चालक ने मुझे बताया कि हमने तुम्हारी अश्लील वीडियो और फोटो ले लिए है अगर तुमने किसी से कुछ कहा तो हम इन्हें वायरल कर देंगे। युवती ने बताया कि उसके बाद महंत व चालक मुझे हाईवे पर गाड़ी से उतारकर वहां से चले गए। युवती ने पुलिस को बताया कि उसके बाद महंत मुझे वीडियो और फोटो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार मेरे साथ दुष्कर्म किया। युवती ने पुलिस को बताया कि एक बार जब में इनके अत्याचार से तंग आकर पुलिस को सब कुछ बताने की बात कही तो चालक ने अपने फोन से मेरे पास 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए और कहा की किसी को बताया तो जान से मार देंगे। बहीन थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर महंत व उसके चालक के खिलाफ दुष्कर्म करने, जान से मारने की धमकी देने, ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता युवती पक्ष का कहना है कि पुलिस किसी दबाव के कारण आरोपी महंत व उसके चालक को गिरफ्तार नहीं कर रही है। उनका कहना है कि वह न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है। इस मामले में हथीन थाना डीएसपी सुरेश भड़ाना से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बहीन थाने में एक युवती की शिकायत पर आरोपी महंत व चालक के खिलाफ दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने का फरवरी महीने में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

# सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की आवेला करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

## शनिवार को सात स्कूली वाहनों के चालान किए गए और 6 स्कूली वाहनों को इंपाउंड किया गया

**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**भिवानी।** डीसी नरेश नरवाल ने जिला के सभी प्राइवेट/सरकारी स्कूल और शिक्षण संस्थाओं के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने स्कूल के वाहनों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लागू करें। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर सचिव प्रादेशिक परिवहन द्वारा शनिवार को 15 स्कूली वाहनों को चेक किया गया, जिसमें सात वाहनों के चालान काटे गए और 6 स्कूल वाहनों को इंपाउंड किया गया। डीसी श्री नरवाल ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों के लिए सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी सरकार द्वारा बनाई गई है। इसके तहत बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूली वाहनों में जरूरी उपकरण और अन्य व्यवस्थाएं होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि स्कूलों की बस का रंग पीला होना चाहिए और उसमें नीले रंग की पट्टी में स्कूल का नाम लिखा होता है। बस के अंदर प्राथमिक उपचार बॉक्स और अग्निशमन यंत्र होना जरूरी है। इसके अलावा बस के अंदर किसी भी प्रकार की गतिविधि की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा होना चाहिए। स्कूली वाहन की स्पीड पर कंट्रोल के लिए स्पीड गवर्नर लगा होना चाहिए। उन्होंने बताया स्कूल की बस के ड्राइवर का मेडिकल फिटनेस होना जरूरी है और ड्राइवर रखे जाने वाले के लिए 5 साल का अनुभव होना चाहिए। स्कूल की बस के विंडो पर होरिजेंटल ग्रिल हो



ताकि कोई बच्चा किसी कारण बस खिड़की से बाहर नहीं गिर सके। स्कूल की बस पर ड्राइवर का नाम उसका मोबाइल नंबर अंकित होना चाहिए । इसके साथ ही ड्राइवर प्रॉपर वर्दी में हो, स्कूल बस चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगनी होती है। स्कूली बस की पासिंग और टैक्स भरा हुआ होना चाहिए। इसके साथ ही स्कूल बस में महिला के परिचालक का होना भी जरूरी है। उन्होंने जिला के स्कूल जिला के सभी प्राइवेट सरकारी और सभी शिक्षण संस्थानों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे स्कूली वाहनों में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना करें, आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी स्कूल संचालक को नियमों की अवहेलना करने की छूट नहीं है।

**शनिवार को प्रादेशिक सचिव परिवहन द्वारा सात स्कूली वाहनों के किए गए चालान**

डीसी श्री नरेश नरवाल के आदेश अनुसार सचिव प्रादेशिक परिवहन द्वारा स्कूली वाहनों को चेक किया जा रहा है। शनिवार को 15 स्कूली वाहनों को चेक किया गया, इनमें से नियमों की अवहेलना करने वाले सात वाहनों का चालान किया गया और 6 वाहनों को इंपाउंड किया गया। इसी कड़ी में 12 अप्रैल को 43 स्कूली वाहनों को चेक किया गया था, जिन में से 12 के चालान किए गए थे और साथ को इंपाउंड किया गया था अब तक 13 स्कूल वालों को इंपाउंड किया गया किया जा चुका है।

**उपमंडल स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में बनाई गई है जांच कमेटी**

विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर डीसी नरेश नरवाल द्वारा उपमंडल स्तर पर संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में एक जांच कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें शिक्षा विभाग का एक अधिकारी और सचिव प्रदेश की परिवहन विभाग का एक कर्मचारी भी शामिल है। इस कमेटी द्वारा स्कूली वाहनों की जांच की जा रही है। एक सप्ताह के अंदर सभी स्कूलों के वाहनों की रिपोर्ट मांगी गई है। इसके साथ-साथ सचिव प्रादेशिक परिवहन विभाग द्वारा स्कूली बसों को चेक किया जा रहा है। नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ चालान काटने और कंपाउंड करने कार्रवाई की जा रही है।

**आवश्यक सूचना**

समाचार गेट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता। पाठकों से निवेदन है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि अवश्य कर लें।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
9687622165 1 9978622651
HITECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES, JIG FIXTURE GAUGES SPM, POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं जिला नोडल अधिकारी सुधीर राजपाल ने शनिवार को पलवल अनाज मंडी का दौरा किया



**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** इस दौरान गेहूं फसल की खरीद को लेकर जिला के अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। इससे पहले उन्होंने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक भी ली। बैठक में उन्होंने फसल खरीद के इंतजामों की समीक्षा की गई। सचिव ने फसल खरीद से जुड़े इंतजामों की समीक्षा करते हुए मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज जानकारी, किसानों की सुविधा के लिए मंडीवार इंतजाम, खरीद एजेंसी की तैयारी, फसल की आवक व उठान तथा किसानों को फसल के भुगतान से संबंधित जानकारी ली। इस अवसर पर जिला उपायुक्त नेहा सिंह ने जिला प्रशासन की ओर से फसल खरीद से जुड़े इंतजामों के बारे में जानकारी दी। सचिव सुधीर राजपाल ने अधिकारियों से कहा कि मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों को तय समय सीमा के भीतर भुगतान किया जाए। साथ ही मंडी में खरीद के साथ उठान के कार्य को भी तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी में पीने के पानी, स्वच्छता, तिरपाल, बारदाना आदि का उचित इंतजाम होना चाहिए। मंडी से गेहूं की आवक का उठान एक सप्ताह में पूरा कर लिया जाए। इसके अलावा मंडी में आई गेहूं की आवक को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल आदि की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से भी अपील की कि मंडी में लाने वाली आवक को अच्छी तरह से सुखाकर लाएं। इस दौरान उन्होंने आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधियों व किसानों से भी बातचीत की। इस अवसर पर एसडीएम नरेंद्र कुमार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सीमा शर्मा, किसान एवं कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ.बाबूलाल, कृषि उपमंडल अधिकारी कुलदीप तेवतिया, जिला सिविल सर्जन डॉ. नरेश गर्ग सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## स्कूल बस हादसे के बाद अब रोड सेफ्टी को लेकर भी उठने लगे सवाल

# कनीना-महेंद्रगढ मार्ग पर उन्हाणी के समीप नहरी पुलिया के रिसाव से टूटी सड़क पर हो रहे हादसे

**नहर विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जानबूझकर कर रहे अनदेखी**



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-महेंद्रगढ स्टेट हाइवे नम्बर 24 पर उन्हाणी गांव के समीप से गुजर रही रामपुरी डिस्ट्रीब्यूटरी का पुलिया लंबे समय से लीकेज होने के कारण दोनों ओर की सडक़ क्षतिग्रस्त हो हुई पड़ी है जिससे सडक़हादसों को बढावा मिल रहा है। इस स्थान पर छोटी बड़ी अनेकों सड़क दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं उसके बावजूद भी विभाग सबक नहीं ले रहा है।

इस पुलिया पर करीब 10 वर्ष पूर्व सीमेंट के बड़े ब्लाक लगाए गए थे लेकिन पानी का रिसाव होने के कारण ये भी टूटने लगे हैं। नहर में पानी चलने पर पानी का रिसाव होने से सडक़के दोनों ओर गड्ढे बन रहे हैं जिनमें पानी खड़ा हो जाता है। मार्ग में बने गड्ढों से हादसों को बढावा मिल रहा है। लीकेज का पानी टाईलों तक सीमित नहीं रहा। वाहनों के आवागमन के कारण अब सीसी टाईलों से आगे तक पानी जा रहा है जिससे सडक़में गड्ढे बन रहे हैं जो हादसों को दावत दे रहे हैं। नहर विभाग के अधिकारी इस लीकेज साइफन को दुरुस्त करवाने की बजाय जानबूझ कर अनदेखी कर रहे हैं वहीं लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी टूटे सड़क मार्ग को दुरुस्त करने की बजाय जिम्मेवारी से बचने के लिए आखें मूंदे बैठे हैं। उनकी और से सडक़के गड्ढों को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वाहन चालक कमल सिंह, मा. राजेश कुमार, जयसिंह, चालक मुकेश कुमार, सुनील कुमार, सतवीर सिंह, वेदपाल,राजपाल सिंह, ललित कुमार, मुकेश शर्मा, नवीन ने बताया कि दो विभागों की लापरवाही नागरिकों के जीवन पर भारी पडती दिखाई दे रही है। उन्होंने इस नहरी पुलिया के लीकेज को दुरूस्त करने की मांग की है। जिला प्रशासन की ओर से रोड सेफ्टी को लेकर बार-बार मीटिंग आयोजित की जाती है जो महज खाना पूर्ति साबित हो रही है जानकारी होने के बावजूद भी जिला प्रशासन इस टूटे रोड को ठीक नहीं करवा पा रहा है। इस बारे में हलका विधायक सीताराम यादव ने कहा कि लीकेज साइफन को दुरुस्त करने के लिए नहर विभाग के अधिकारियों को कहा गया है वहीं सड़क दुरुस्त करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं आमजन से जुड़ी इस समस्या का जल्द ही समाधान करवाया जाएगा।

# बेवल में शनिवार को हुई सीआरपीएफ के हवलदार की ससम्मान अंत्येष्टि, ग्वालियर में थी ड्यूटी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** उपमंडल के गांव बेवल निवासी एवं सीआरपीएफ के हवलदार ईश्वर सिंह का हृदयाघात से निधन हो गया सशस्त्र सलामी के साथ शनिवार को ससम्मान उनकी अंत्येष्टि की गई ईश्वर सिंह ग्वालियर में तैनात थे जिन्हें बीमारी के दौरान बीती 1 अप्रैल को आईटीएम अस्पताल ग्वालियर में दाखिल करवाया गया था जहां शुक्रवार को 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली उनका पार्थिव शरीर सेना के वाहन से शनिवार को गांव पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया प्रदेश सरकार की ओर से हलका विधायक सीताराम ने संवेदना जताई वहीं जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने उन्हें पुष्प चक्र अर्पित किया पूर्व सीपीएस अनीता यादव ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए ईश्वर अपने पीछे भाई, पत्नी, बेटी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गया उनके निधन पर ग्रामीणों ने शोक जताया है।

# डीसी मोनिका गुप्ता ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण

## समय पर उठान ना करने पर एजेंसी को कारण बताओ नोटिस होगा जारी




**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शनिवार को जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कनीना अनाज मंडी में सरसों की खरीद का जायजा लिया और किसानो की समस्याएं भी सुनी उन्होंने कहा कि रबी फसल की सरकारी खरीद में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। एक साथ में अत्यधिक मात्रा में सरसों आने के कारण मंडियों में भीड़ रहती है। धैर्य रखें सभी किसानों की सरसों खरीदी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान बहुत ही मेहनत के साथ अन्न पैदा करता है। ऐसे में जिला प्रशासन का पूरा प्रयास है कि किसानों को मंडियों में अपनी फसल बेचते समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने खरीद एजेंसी के अधिकारियों को जिले की अनाज मंडियों व परचेज सेंटरों पर सरसों के उठान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा एसडीएम सुरेंद्र सिंह को मंडियों में फसल के उठान के कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग करने और उठान कार्य में तेजी लाने को कहा। जिन आढ़तियों के पास लेबर नहीं है उन्हें नोटिस जारी किया जाए। डीसी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई एजेंसी उठान कार्य में देरी करती है तो संबंधित एजेंसी को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि मौसम परिवर्तनशील रहने का पूर्वानुमान है। ऐसे में अनाज मंडियों में सरसों का उठान समय से किया जाए ताकि बारिश आने की सूरत में अनाज को नुकसान ना हो। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसानों को अनाज मंडियों में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को किसानों की सुविधाओं हेतु निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मंडियों में साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए इस मौके पर एसडीएम सुरेंद्र सिंह,डीएम हैफेड प्रवीण कुमार, सचिव मार्केटिंग बोर्ड नुकुल यादव के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## कनीना स्कूल बस सड़क हादसा

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चैयरमेन किया जीएलपीएस स्कूल कनीना का दौरा






**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शनिवार को दोपहर बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चैयरमेन प्रियंक कानूनगो जीएलपीएस स्कूल कनीना पहुंचे। जहां उन्होंने जिला के अधिकारियों के साथ बैठक कर कनीना स्कूल बस सड़क हादसे पर समीक्षा कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल की बसों का भी निरीक्षण भी किया। मीडिया कर्मियों से बातचीत में उन्होंने बताया की जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परिवहन अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की गई है इसके अलावा उन्होंने संस्था के ट्रांसपोर्ट मैनेजर धर्मवीर को पूछताछ के लिए पुलिस के हवाले किया है। इस मामले में स्कूल के पास 12 बसे बताई गई थी लेकिन अब स्कूल ट्रांसपोर्ट मैनेजर ने 18 बेसन का संचालन होना बताया है उन्होंने स्कूल में खड़ी बसो को चेक किया तथा उनके डॉक्यूमेंट भी देखें।एक बस संस्था के अंदर खड़ी थी। उसमें बैठ कर उनके कागजात की जांच की जिसमें कमी पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि मृतक 6 बच्चों व घायल 27 बच्चों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उनको बेहतर उपचार के साथ-साथ मुफ्त कानूनी सहायता भी दिलवाई जाएगी।

उसके बाद भी अगर आयोग को लगा कि कहीं कमी रह गई है तो उनको आयोग द्वारा वकील निशुल्क दिया जाएगा उनको उचित मुआवजा मिले और घायल बच्चों का उचित इलाज हो इसके लिए भी उन्होंने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जो धाराएं लगाई गई है उनके भी आयोग समीक्षा करेगा और आवश्यक हुई तो अन्य धाराएं भी जोड़ी जाएगी इसके अलावा उन्होंने कहा कि जिन परिवारों के बच्चे खत्म हुए हैं वह परिवार अगर बच्चा गोद लेना चाहेगा तो प्राथमिकता के आधार पर आयोग उन्हें बच्चा गोद दिलवाएगा। इसके अलावा स्कूल में पढ़ रहे बच्चों का भविष्य भी देखा जाएगा और संस्था के सभी सुरक्षा मानदंडों का ध्यान रखा जाएगा जब सभी सुरक्षा मानदंड उचित होंगे तभी नए बच्चों का दाखिला होगा इस समय वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी जिला नगर आयुक्त महावीर प्रसाद को स्कूल का प्रशासक नियुक्त किया गया है।

**अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

**जिला शिक्षा अधिकारी व जिला परिवहन अधिकारी के खिलाफ की कार्यवाही की अनुसंशा**

**स्कूल के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज धर्मबीर से पूछताछ के लिए पुलिस के हैंडओवर कराया**

**स्कूल रिकार्ड के मुताबिक 18 बसों में से भौतिक सत्यापन में पुलिस को मिली 12, छह की तहकीकात जारी**

**पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का दिया आश्वासन**

जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार मामले में कार्रवाई की जा रही है। तीन सदस्य कमेटी से जिला शिक्षा अधिकारी को कमेटी से हटा दिया गया है। उनकी जगह सीटीएम को टीम का सदस्य नियुक्त किया गया है और जिला शिक्षा अधिकारी को घटना के दिन ही कारण बताओं नोटिस जारी कर दिया गया था ।जिसका अभी तक उन्होंने जवाब नहीं दिया है। उनका जवाब आता है तो भी नही आता है तो भी उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । पीडति परिवारों के साथ गहरी सहानुभूति है। बैठक में जिला उपयुक्त मोनिका गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, एसडीएम सुरेंद्र सिंह, जिला नगर आयुक्त व स्कूल के प्रशासक महावीर प्रसाद, उपपुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह, तहसीलदार संजीव कुमार, सिटी थाना एसएचओ सुधीर कुमार, सहित सभी विभागों के अधिकारी उपसथित थे


अधिकारियों ने आज विभिन्न शिक्षण संस्थानों के स्कूलों के वाहनों की जांच की जिसमें कमी पाए जाने पर 18 बसों को इंपाउंड किया गया शनिवार को पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निजी स्कूल बस की जांच की और अनेक स्कूलों के बसों को इंपाउंड किया कनीना थाना परिसर में उचित जगह नहीं होने के चलते उपमंडल अधिकारी कार्यालय परिसर में खड़ा करवाया गया आमजन में चर्चा है कि प्रशासन ऐसी कार्रवाई पहले से करता तो ऐसा गंभीर हादसा नहीं होता।

# छुट्टी वाले दिन स्कूल खोले तो मान्यता होगी रद्द, महेंद्रगढ़ वाले हादसे के बाद जिला प्रशासन हरकत में

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** महेंद्रगढ़ के कनीना में प्राइवेट स्कूल हादसे में बच्चों की मौत और उनके घायल होने की घटना के बाद जिला प्रशासन भी हरकत में आया है।

सरकारी अवकाश वाले दिन स्कूल खुला था। अकेले कनीना का यह स्कूल नहीं, बल्कि जिले के कई प्राइवेट स्कूल भी छूटी के दिन बच्चों को बुलाते है, सड़को पर पीली बसें रेंगती नज़र आती है जिस पर जिले के किसी भी अधिकारी का ध्यान नही जाता है। वहीं सरकार के लिखित आदेशों को भी प्राइवेट स्कूल संचालक अकसर ठेंगा दिखाते हैं। महेंद्रगढ़ में हुई इस बड़ी घटना के बाद नूह जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने सभी खंड शिक्षा अधिकारीयों के मार्फत पत्र लिखते हुए सख्त निर्देश दिए है की जिले में अगर कोई निजी विद्यालय पीटीएम, वार्षिक कार्यक्रम एवम अन्य किसी सरकारी अवकाश के दिन स्कूल खोलकर बच्चों को बुलाते है उन सभी निजी विद्यालयों के खिलाफ़ कानूनी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की जायेगी। इसके अलावा डीईओ ने बीईओ को निर्देश जारी किए कि वो विभाग द्वारा जारी आदेशों को अपने खंड में पुरी सख्ती से लागू करवाएं, अगर सरकारी अवकाश के दिन निजी विद्यालय खुले मिलते है ,तो संबंधित बीईओ जिम्मेवार होगा जिसके लिए उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही लिए भी उच्चाधिकारियों को लिखा जायेगा।



प्रेषक
जिला शिक्षा अधिकारी
नूंह।

सेवा में
सभी प्राचार्य/प्रबंधक निजि विद्यालय जिला नूंह।
(मार्फत सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी जिला नूंह)

यादी क्रमांक जी01/2024/1832-35 दिनांक 12-04-2024

विषय:- सरकारी अवकाश के दिन स्कूल ना खोलने बारे।

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान मे आया है कुछ निजि विद्यालय सरकारी अवकाश के दिन Annual Function, PTM व अन्य कार्य के बहाने से स्कूल खोल लेते है । इस सन्दर्भ मे आपको सख्त हिदायत दी जाती है कि आप सरकारी अवकाश के दिन किसी भी कार्य /Function के बहाने से स्कूल ना खोले यदि कोई निजि विद्यालय सरकारी अवकाश के दिन खुला मिलता है तो विद्यालय संचालक/ प्राचार्य के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए FIR दर्ज करा दी जायेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगें।

उक्त आदेशो की दृढ़ता से पालना की जावे।

जिला शिक्षा अधिकारी
नूंह।

पृ0क्रमांक जी01/2024/1832-35 दिनांक 12-04-2024

इसकी एक प्रति निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आगामी कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निदेशक महोदय, सैकेण्डरी शिक्षा, हरियाणा, पंचकुला।
2. उपायुक्त महोदय, नूंह।
3. सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी जिला नूंह को भेजकर निर्देश दिये जाते है कि आप उक्त आदेशो की दृढ़ता से पालना करवाये यदि आपके खण्ड में कोई निजि विद्यालय सरकारी अवकाश के दिन खुला मिलता है तो आप इसके सीधे तौर पर जिम्मेवार होंगे और आपके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों का लिख दिया जायेगा।

जिला शिक्षा अधिकारी
नूंह।

# उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने किया तावडू अनाज मंडी का दौरा, खरीद कार्यों व सुविधाओं का लिया जायजा



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने शनिवार को नई अनाज मंडी, तावडू का औचक निरिक्षण किया तथा रबी फसलों के खरीद संबंधी प्रबंधों का निरीक्षण किया, उनके साथ उपमण्डल अधिकारी (ना.), तावडू संजीव कुमार तथा विरेन्द्र कुण्डु, सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्केट कमेटी, तावडू, मनजीत कुमार, मैनेजर एच.डब्लू.सी, सभी आढती, संजय गोयल, सुभाष, पवन कुमार भी साथ मौजूद रहे। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले गेट पास व डाटा ऑपरेटर रूम का निरिक्षण किया, जहां पर गेट पास का कार्य सुचारू रूप से चलता पाया गया। उन्होंने पाया कि अनाज मंडी के सभी कार्य सचारू रूप से चल रहे थे और गेंहू व सरसो की बोली भी समय पर चल रही थी। अनाज मण्डी के अन्दर साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था आदि ठीक पाई गई। बारिश के मौसम को देखते हुये आढ़तियों के द्वारा फसल को तिरपाल से ढक रखा था। मण्डी में आवक व खरीद सुचारू से चल रही है। उपायुक्त द्वारा सरसो व गेंहू के उठान के बारे में डीएम व संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों से फसलों का उठान कार्य में तेजी लाई जाए। इसके लिये गाड़ियों की संख्या बढ़ा दी जाए ताकि किसानों को मंडियों में फसल लाने व बेचने में कोई परेशानी ना हो।

# दस सालों में जनता के विश्वास पर खरी उतरी मोदी सरकार : कृष्णपाल गुर्जर

## ब्राह्मण बाहुल्य गांव जुन्हेड़ा में हुआ भाजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा है कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने का काम किया है। मोदी जी ने जनता से जो भी वायदे किए, उन सभी वायदों को पूरा कर जनता के विश्वास पर खरा उतरने का काम किया है इसलिए आज हर वर्ग मोदी की नीतियों में अपनी आस्था जता रहा है और उन्हें तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए लामबंद हो चुका है। श्री गुर्जर पृथला विधानसभा क्षेत्र के ब्राह्मण बाहुल्य गांव जुन्हेड़ा में आयोजित स्वागत समारोह में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर उनके साथ मुख्य रूप से पृथला क्षेत्र विधायक नयनपाल रावत तथा वार्ड नंबर 9 के जिला पार्षद एडवोकेट अनिल पाराशर मौजूद थे। इस दौरान गांव की मौजिज सरदारी ने श्री गुर्जर, विधायक नयनपाल रावत सहित सभी अतिथियों को सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर एवं बड़ी माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए दोनों हाथ उठाकर उन्हें विजयश्री का आर्शीवाद दिया। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि मोदी सरकार ने हर वर्ग का भला किया है, बिना भ्रष्टाचार के सीधे गरीबों को लाभ देने का काम किया गया है। आज किसानों के खाते में सीधे 6 हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। हर गरीब परिवार को उज्जवला योजना के तहत गैस सिलैण्डर देने का काम किया जा रहा है। वहीं हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंच रहा है। गरीबों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए अनेक योजनाओं को धरातल पर लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सरकार प्रयासरत है। 10 वर्षों में 4 करोड़ से ज्यादा लोगों को आवास बना कर दिए गए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अगर वह देश-प्रदेश का समुचित विकास चाहते है तो फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार लाने का काम करे ताकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर इस देश को और उन्नति की राह पर लेकर जा सके।

इस मौके पर विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने हमेशा पृथला क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता दी है और उनके आर्शीवाद से इस क्षेत्र का भरपूर विकास हुआ है और इसी विकास की बदौलत पृथला क्षेत्र से जनता भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में मतदान करके प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों को मजबूत करेंगे। वहीं वार्ड नंबर 9 के जिला पार्षद एडवोकट अनिल पाराशर ने कहा कि केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने अपने सांसद कार्यकाल में फरीदाबाद जिले को विकास की नई बुलंदियों तक पहुंचाने का काम किया है, शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र सभी में समान विकास करवाकर एक नया कीर्तिमान रचने का काम किया है और इसी विकास की बदौलत वह तीसरी बार बड़ी जीत के साथ देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचेंगे। इस मौके पर गांव के सरपंच योगेंद्र कौशिक, सरपंच सूरजपाल भूरा, ब्रह्मनंद कौशिक, खेमी ठाकुर, गोपीचंद कौशिक, अमित कौशिक, उदय गुरु जी, सलिंग कुमार, उदय चंद, नवीन शर्मा सहित अनेकों ग्रामीण मौजूद थे।

# किकबॉक्सिंग खेल से होता है व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास : अजय गौड़

## जिलास्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सेक्टर 16 स्थित के. एल. मेहता दयानन्द स्कूल के बैडमिंटन हॉल में शनिवार को फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय 23 वीं जिला स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। फरीदाबाद जिला किकबॉक्सिंग संघ के संस्थापक महासचिव संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया की इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद जिले के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का सुबह 10 बजे उद्घाटन अजय गौड़ पूर्व राजनैतिक सलाहकार पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार ने किया।

समारोह की अध्यक्षता क्रीड़ा भारती फरीदाबाद के जिलाध्यक्ष आनंद मेहता ने की। विशिष्ट अतिथि अंतर्राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी, जिला बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय सपरा एवं फरीदाबाद जिला इलेक्ट्रॉनिक्स डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, रोटरी क्लब फरीदाबाद संस्कार के प्रधान मनोज सिंधु; श्री शरद भसीन एवं अनुराग गर्ग इस मौके पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजय गौड़ ने कहा कि किकबॉक्सिंग एक बेहतरीन खेल है, इस खेल के माध्यम से व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास होता है, श्री गौड़ ने सभी खिलाडियों को एवं आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि रविवार को समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि एकॉर्ड हॉसपिटल फरीदाबाद के चेयरमैन डा आर. सी. सोनी होंगे तथा समारोह की अध्यक्षता अमृता हॉसपिटल के डा. साहिल गाबा करेंगे।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि शतायु मल्टीस्पेशलिटी क्लिनीक के चैयरमेन डॉ ललित अग्रवाल एवं भारत विकास परिषद् फरीदाबाद शाखा के अध्यक्ष राकेश गुप्ता एवं भारत विकास परिषद् केशव शाखा के अध्यक्ष मनीष मित्तल उपस्थित रहेंगे। इस प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले खिलाडियों को आगामी राज्यस्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

इस अवसर किकबॉक्सिंग प्रशिक्षकों एवं रेफ़री में सचिन कुमार, अजय सैनी, राम भंडारी, लक्ष्मण कुमार, योगेंदर कुमार, अंजू शर्मा, सुनील कुमार राजपूत एवं सचिन गोला उपस्थित रहें।

# जनता के साथ अन्य पार्टियों के नेताओं का मोदी जी में बढ़ा है विश्वास : मूलचन्द शर्मा




## 250 से ज्यादा कांग्रेस एवं जे.जे.पी के कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने थामा भाजपा का दामन

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी में लगातार दूसरी राजनैतिक पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का पार्टी ज्वाइन करना जारी है और शनिवार को इसी कड़ी में फरीदाबाद भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जेजीपी और कांग्रेस के कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बीजेपी का दामन थामा। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने हरियाणा के उधोग मंत्री मूलचंद शर्मा और वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी की उपस्थिति में पटका पहनाकर 250 से ज्यादा लोगों को भाजपा की सदस्यता दी। इस मौके पर जिला महासचिव मनोज वशिष्ठ, सुरेंद्र जांगड़ा, वरिष्ठ नेता टिप्परचंद शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, पार्षद राकेश गुर्जर, जिला मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सह मीडिया प्रभारी आभास अग्रवाल उपस्थित थे।

कांग्रेस के कार्यकर्त्ता राजू धारीवाल के साथ 175 से ज्यादा लोगों ने, जे.जे.पी के ज़िला महासचिव सुनील शास्त्री के साथ 30 से ज्यादा लोगों ने, जे.जे.पी के ज़िला महासचिव परविंदर सिंह के साथ 25 से ज्यादा लोगों ने बल्लभगढ़ के युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कार्तिक शर्मा के साथ 25 से ज्यादा युवाओं भाजपा की सदस्यता ली। जे.जे.पी के जिला सचिव दयाचंद सैनी के नेतृत्व में घनश्याम सैनी, सुजान सैनी, अशोक कुमार, सुरेन्द्र सिंह सरदार, अशोक चौरसिया, कुंदन बिष्ट, रमण वोहरा आदि ने भी मोदी जी की नीतियों में विश्वास दिखाते हुए भाजपा की सदस्यता ली। इसके अलावा कुछ वरिष्ठ समाजसेवियों ने भी भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि आज आपको भाजपा कार्यकर्ता का पद मिला है, मोदी जी के हाथ मज़बूत करना है और कृष्णपाल गुर्जर को फरीदाबाद लोकसभा में 10 लाख वोट से जिताना है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि देश में मोदी सरकार की नीतियों से लगातार आम जनता के अलावा अन्य पार्टियों के नेता भी प्रभावित हो रहे हैं। आज देश में कई राजनैतिक पार्टियां हैं, जो वायदें कुछ और करती है और उनकी जमीनी हकीकत कुछ और होती होती है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी एकलौती ऐसी पार्टी है जिसमे छोटे से छोटा कार्यकर्त्ता प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बन सकता है वर्ना दूसरी पार्टियों में परिवार के लोग ही बड़े पदों पर बैठते हैं । इस अवसर पर के कांग्रेस से आये राजू धारीवाल के साथ प्रह्लाद कटारिया, मुकेश शर्मा एडवोकेट, योगेश शर्मा एडवोकेट, राकेश वकील, राहत पवार, दीपक सिंह, लडक्री चौधरी, योगेश, हिमांशु, सुधीर कुमार आदि कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा।

# विधायक राजेश नागर ने विजय संकल्प रैली के लिए गांव गांव किया जनसंपर्क

## दर्जन भर गांव में पहुंचकर लोगों को रैली को सफल बनाने के लिए दिया निमंत्रण



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक राजेश नागर ने विजय संकल्प रैली की सफलता के लिए दर्जन भर गांव में पहुंचकर लोगों को निमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली विजय संकल्प रैली की सफलता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार नारे को शक्ति मिलेगी। उन्होंने सभी से भाजपा उम्मीदवार केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को वोट देकर तीसरी बार जिताने की अपील की। 14 अप्रैल को सेक्टर 31 एत्मादपुर में विजय संकल्प रैली का आयोजन होना है, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच रहे हैं। इस रैली की सफलता के लिए भारतीय जनता पार्टी के संगठन ने पूरी शक्ति लगा रखी है।

वैसे भी मुख्यमंत्री सैनी की ताजपोशी के बाद फरीदाबाद में यह पहली रैली है, जिसकी सफलता फरीदाबाद लोकसभा में जीत तय करेगी। इसी के तहत विधायक राजेश नागर ने तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांवों पलवली, बादशाहपुर, ददसिया, किडावली, टिकावली रिवाजपुर, कांवरा, राजपुर कलाँ, अलीपुर तिलोरी, अमीपुर चीरसी आदि गांवों में जनसंपर्क किया। गौरतलब है कि फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को छठे चरण में मतदान होना है। विधायक राजेश नागर ने कहा कि कृष्ण पाल गुर्जर इस बार सभी रिकार्ड को तोड़ते हुए जीत दर्ज करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को साकार करने में अपना सहयोग देंगे। नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक वोट देकर हम गुर्जर को जिताएंगे। उन्होंने जनता से कहा कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सुनें। नागर ने दर्जन भर गांव में जाकर वहां की सरदारी और आमजन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने मुझे जितना प्यार दिया है वह प्यार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली में भी दिखाना है और फरीदाबाद से भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर को जिताना है।

नागर ने कहा कि आज जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में ही भारत और हरियाणा का विकास देख रही है। इस विकास को संकल्प मानते हुए तीसरी बार डबल इंजन की सरकार आना बहुत जरूरी है। इसलिए वह जनता जनार्दन के पास जा रहे हैं। जहां उन्हें जनता का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। इस दौरान दर्जनों स्थानों पर विधायक राजेश नागर का फूल माला और पगड़ी पहनाकर लोगों ने स्वागत किया और कहा कि अपने प्यारे विधायक के लिए हम हमेशा साथ हैं।

# भगवान शिव की जटाओं से जाट की उत्पत्ति हुई है : मनधीर सिंह मान

## अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस पर जाट समाज के इतिहास पर डाला प्रकाश



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय जाट दिवस के मौके पर पलवल की जाट धर्मशाला में पहुंचे कांग्रेस वरिष्ठ नेता मनधीर सिंह ने पहुंचे वहां उन्होंने कहा कि जाट समाज का बहुत पुराना इतिहास रहा है ,कहा जाता है कि जाटों की उत्पतति भगवान शिव की जटाओं से हुआ था। जाट कौम वो कौम है जो हमेशा देश हित की भावना रखता है । जाट किसी को लड़ाता नही है और ना ही किसी से द्वेष रखता है । मनधीर सिंह मान ने आगे कहा कि जाट समाज में कई ऐसे महापुरुष हुए है जो अपने समाज ही नही बल्कि विश्व कल्याण की सोच रखते है चौधरी चरण सिंह, तो देवी लाल ,सर छोटू राम जैसे नेताओं ने समाज और देश को नई दिशा दी हैं। मनधीर सिंह मान ने जाटों के इतिहास पर गर्व करते हुए कहा कि जाटों का इतिहास गौरवशाली रहा है। हम जता शंकर के वंशज है हमारी आत्मा भोली हैं जात कभी भी किसी का बुरा नही चाहता है । जाट कूल में पैदा होना ही बड़ी बात है । देश के लिए जाट मरते मिटते आए है । वही मनधीर सिंह ने कहा कि वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कहा की आज के हालातों वो किसी से छिपा नहीं है इस लिए बच्चों में संस्कार की जरूरत होती है अपनी जड़ों से जुड़े इतिहास के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। जिससे बच्चो को संस्कार पनपने चाहिए, इसी के साथ धार्मिक आयोजन हों चाहिए, धर्म की जोत जलाने का कार्य समाज के लिए बड़ी बात है । वही मनधीर सिंह मान ने कहा की धर्म के साथ के खेल कूद के भी आयोजन होने चाहिए जिससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास होता है इस तरह के आयोजन बच्चों के भविष्य के लिए एक नीम की तरह होते हैं। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. बलदेव अलावलपुर सहित अनेकों जाट नेता मौजूद थे।

# दिव्यधाम में मेमोग्राफी वैन में हुई महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर की जांच

## रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कार के शिविर का जगदगुरु स्वामी ने किया उद्घाटन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड रोड स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम एवं श्री लक्ष्मीनारायण दिव्यधाम में आज महिलाओं में ब्रेस्ट जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कार के सहयोग से आयोजित इस शिविर का गुरु महाराज जगदगुरु रामानुजाचार्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य महाराज ने उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री गुरु महाराज ने कहा कि कैंसर एक बहुत बड़ी बीमारी है लेकिन अच्छी बात यह है कि समय पर पता चलने पर आज इसका इलाज संभव है। पहले तो यह किसी को होना ही नहीं चाहिए। इसके लिए अपनी नियमित जांच करवाएं और यदि हो भी जाए तो सकारात्मकता और मैडिकल देखरेख में इलाज करवाएं। अ

ाजकल कैंसर ठीक होने के अनेक मामले आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमको अपने स्वास्थ्य के बारे में सजग रहना चाहिए। जो व्यक्ति स्वस्थ होता है वह सभी कार्य अच्छे से पूर्ण करता है। उन्होंने मेमोग्राफी वैन के स्टाफ और रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कार के सभी सदस्यों को आशीर्वाद एवं प्रसाद प्रदान किया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद के चार्टर प्रेजिडेंट राष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी ने कहा कि श्री सिद्धदाता आश्रम के सेवा प्रकल्पों के बारे में सभी प्रशंसा करते हैं। यह एक दिव्य स्थान है जहां आने वालों की मन्नतें पूर्ण होती हैं। कार्यक्रम में क्लब के प्रेसीडेंट मनोज सिंधु, प्रोजेक्ट चेयरमैन राकेश अग्रवाल, मुकेश बंसल, अनुराग गर्ग आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# होडल में नेहरू की माता का शोक व्यक्त करने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल के समाज सेवी नेहरु एडवोकेट की माताजी का दिहांत हो गाय जिनकी उम्र 74 वर्ष की आयु थी जिसके बाद नेताओं का आना जाना लग रहा इसी के चलते होडल के नेशनल हाइवे के निकट एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे फरीदाबाद के पूर्व सांसद केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर पलवल के विधायक दीपक मंगला सहित सैकड़ों नेताओं ने नेहरु एडवोकेट के घर जाकर शोक व्यक्त किया जिसमें एक मिनट मौन धारण कर माया देवी की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की नेहरु की माताजी माया देवी अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है इस मौके पर नत्थू पूर्व प्रधान नगर परिषद, जय सिंह पूर्व प्रधान नगर परिषद, डिग्गो नम्बरदार,मेजर नम्बरदार, सचिन जैन,रामकरण नंबरदार तरूण जागिड़, गोपाल पाहुजा, अनिल गर्ग सहित होडल के सैकड़ों समाज सेवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत कर्मचारी आत्महत्या के मामले में दस दिन बीतने के बावजूद भी पुलिस ने मामले में लिप्त आरोपियों की नही हुई गिरफ्तारी

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत कर्मचारी द्वारा आत्महत्या करने के मामले को दस दिन बीतने के बावजूद भी पुलिस ने मामले में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी ना होने से पीड़ित के परिजनों में रोष व्याप्त है। पीड़ित के परिजन पुलिस पर आरोपियों से मिलीभगत के आरोप लगा रहे है। पीड़ित से परिजनों ने पुलिस के आला अधिकारियों से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे। आईसीआईसीआई होडल बैंक में कार्यरत मृतक दिनेश के पिता बडोली निवासी ओमप्रकाश जानकारी में बताया कि उनके बेटे दिनेश ने बैंक के मैनेजर अनिल, सहायक सुनील व दो कर्मचारियों के अत्याचार के चलते 3 अप्रैल को घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि दिनेश इनके अत्याचार के कारण पिछले कई दिनों से परेशान चल रहा था। हमने भी बैंक में जाकर जब इनसे बात करने की कोशिश की तो इन्होंने हमारी एक ना मानी थी। उन्होंने बताया कि इनके अत्याचार से ही तंग आकर दिनेश ने आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि इस मामले की शिकायत हमने पुलिस को दे दी थी, मगर मामले को दस दिन बीतने के बावजूद भी पुलिस ने अभी तक मामले में लिप्त एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की है। उनका कहना है कि जिनकी वजह से दिनेश ने आत्महत्या की वह खुले घूम रहे है और पुलिस उन्हे पकड़ने के बजाए उन्हें बचाने में लगी है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों के साथ साठगाठ कर उलटा उनपर ही दबाब बनाने में लगी है। उनका कहना है कि वह आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस के आला अधिकारियों से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे।



# महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए हादसे के बाद सोहना प्रशासन आया हरकत में!

**स्कूली बच्चो की सुरक्षा को देखते हुए सोहना खेल स्टेडियम में सुरक्षित वाहन पॉलिसी के चैकिंग जारी!**

**रेवेन्यू विभाग, ट्रैफिक पुलिस, पुलिस प्रशासन, एजूकेशन विभाग, आरटीए विभाग द्वारा आज कई स्कूली बसों की चेकिंग की गई!**

**समाचार गेट/संजय राघव**

**सोहना।** महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए हादसे के बाद सोहना प्रशासन अब हरकत में आ गया है, स्कूली बच्चो की सुरक्षा को देखते हुए सोहना खेल स्टेडियम में सुरक्षित वाहन पॉलिसी के तहत रेवेन्यू विभाग, ट्रैफिक पुलिस, पुलिस प्रशासन, एजूकेशन विभाग, आरटीए विभाग द्वारा आज कई स्कूली बसों की चेकिंग की गई ! इस बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए सोहना एसडीएम सोनू भट्ट ने बताया की सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत आज सोहना के खेल स्टेडियम में बसों को चेक किया गया है ! जिन स्कूलों की बसों में कमियां पाई जाएंगी उन पर नियम अनुसार कारवाई की जाएगी। साथ ही बताया एक सडियूल बनाया गया है ! जिसके तहत पूरे सोहना के स्कूलों की बसों को चैक किया जायेगा ! बसों के नियमों के बारे में उन्होंने बताया जैसे की स्कूल बस पर स्कूल बस लिखा होना, बस का कलर,मेडिकल बॉक्स न होना, फिटनेस सर्टिफिकेट न होना, फायर एक्सटिंगविशर न होना वही बसों के पीछे ऑनर के नंबर लिखे होना भी जरूरी होता है।

# एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन में रोजगार मेले नियुक्ति का आयोजन किया




**समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल**

**पलवल।** मेले में कॉलेज में पढ़ने वाले बीसीए, बीबीए, एमसीए, डी फार्मा, एम फार्मा, बीएड व एमएड सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमेन डॉ.पुनीत गोयल, चेयरपर्सन डॉ.पूनम गोयल व एडमिनिस्ट्रेटर डॉ.सुनील दलाल मौजूद रहे। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आई कंपनियों, बैंकों, अस्पतालों व स्कूलों के पदाधिकारी पहुंचे। सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चैयरमेन डॉ.पुनीत गोयल ने कहा कि इंस्टीट्यूशन्स प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से इस प्रकार के रोजगारपरक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। एडमिनिस्ट्रेटर डॉ.सुनील दलाल द्वारा सभी कंपनियों का आबार जताया। मेले में करीब एक हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। राघव फ़ूड इंडस्ट्रीज नई दिल्ली के फाउंडर मंजीत यादव ने कहा कि एडवांस्ड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स समाज के लिए कुशल जनशक्ति का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाता है। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ.लक्ष्मी शर्मा, प्रोफेसर गीता हरसाना, धर्मेंद्र, मनोज कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।


# अवकाश के दिन खोला स्कूल तो होगी मान्यता रद्द : विक्रम सिंह

## शिक्षा विभाग ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** ईद की छुट्टी के दिन महेंद्रगढ़ के कनीना में हुए निजी बस स्कूल हादसे को देखते हुए जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है, जिसके चलते उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार शिक्षा विभाग ने राजपत्रतित अवकाश के दिन कोई स्कूल नहीं खुलने देने के निर्देश दिए हैं और इसके लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी कर दी गयी है। इस नंबर पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी सूचना दी जा सकती है। शनिवार को जारी प्रेस बयान में उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि सरकारी छुट्टी के दिन कोई निजी स्कूल अगर खुला तो उसकी मान्यता रद की जाएगी। ईद की छुट्टी के दिन स्कूल खोलने वाले स्कूल संचालकों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही स्कूल बसों से संबंधित अगर कोई समस्या है तो भी वह इस नंबर पर अपनी शिकायत कर सकते हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह के आदेश अनुसार सभी प्राइवेट (अराजकीय) विद्यालयों द्वारा राजपत्रित अवकाश के दौरान विद्यालय खोलने एवं प्राइवेट विद्यालय संचालकों द्वारा विद्यार्थियों के परिवहन (बसों इत्यादि) के नियमानुसार संचालन नही करने की शिकायतों को प्राप्त करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी जारी कर दी गयी है। अगर कोई स्कूल आदेश की अवमानना करता है तो कोई भी अभिभावक हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है इसके साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि सभी विद्यालयों को अवकाश के बारे में अवगत करवाना सुनिश्चित करें और अवकाश के दिन निरीक्षण करें कि कोई विद्यालय खुला हुआ न हो। कोई विद्यालय खुला मिलता है तो उसे बंद करवाकर उसके खिलाफ तुरंत आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें और नियमों के तहत प्रत्येक बस संचालन में जो 14 नियम है उसकी पूरी पालना हो।










समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# दिल्ली-एनसीआर में फ्लैट खरीदना है तो इन बातों का रखें ध्यान

## पैसों की बचत के साथ रहेंगे टेंशन फ्री

**समाचार गेट/बिजनेस डेस्क**

**फरीदाबाद।** प्रॉपर्टी खरीदना और वो भी दिल्ली-एनसीआर में किसी टेढ़ी खीर से कम नहीं है। इसके लिए आपको कुछ काम की बातें हम बता रहे हैं जिससे आप परेशानियों से बच सकते हैं।

दिल्ली-एनसीआर के किन्हीं इलाकों में प्रॉपर्टी खरीदना चाहते हैं तो आपके लिए यहां कुछ टिप्स ऐसे बताए जा रहे हैं जो काम के साबित हो सकते हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के इलाकों में इस समय प्रॉपर्टी के दाम लगातार चढ़ रहे हैं। दिल्ली के साथ-साथ इससे सटे क्षेत्रों में रेसीडेंशियल प्रॉपर्टी या कमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदनी है तो यहां बताई बातों को ध्यान में रखकर आप लाभानवित हो सकते हैं।





**प्रॉपर्टी का कानूनी स्टेटस चेक कर लें**

सबसे पहले तो प्रॉपर्टी का कानूनी स्टेटस चेक कर लें जैसे कि इसकी टाइटल डीड या ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जिससे ये सुनिश्चित हो सकता हो कि प्रॉपर्टी कानूनी पचड़ों से फ्री है। अगर सोसायटी में घर ले रहे हैं तो चेक कर लें कि सारे भुगतान हो चुके हों जैसे कि मेंटेनेंस, बिजली, पानी, प्रॉपर्टी टैक्स और सोसायटी के किसी अन्य तरह के भुगतान पहले ही अदा हो गए हों।

**प्रॉपर्टी का इतिहास जान लें**

दूसरी अहम बात ये है कि प्रॉपर्टी के इतिहास का आपको पता होना चाहिए जैसे कि ये कितनी पुरानी है, इसका पूर्व में मालिकाना हक किसके पास रहा, बेचने का कारण या किसी तरह का ढांचागत नुकसान तो नहीं है, इन सबका पता करें क्योंकि ये प्रॉपर्टी या फ्लैट की रीसेल वैल्यू पर असर डालती हैं। हमेशा खुद फ्लैट की विजिट करें या इसका जायजा लें। प्रॉपर्टी का टूर करें, लेआउट का अध्ययन करें और कुल मिलाकर सारी स्थिति का आकलन कर लें।

वेंटीलेशन, प्राकृतिक हवा और आसपास की सुविधाओं का भी पता करें। अगर आप रीसेल में प्रॉपर्टी ले रहे हैं तो इसका भी पता लगाएं कि सेलर ये प्रॉपर्टी क्यों बेचना चाहता है।

**पेमेंट से जुड़ी सारी शर्तों का पता कर लें**

तीसरी अहम बात ध्यान रखने वाली है कि पेमेंट की शर्तों पर साफ बात की जाए। कुछ सेलर पार्ट टाइम पेमेंट चाहते हैं तो तो कुछ फुल टाइम पेमेंट चाहते हैं। आपको क्या सूट करता है, इसके हिसाब से फैसला करें। प्रॉपर्टी खरीदार को अतिरिक्त खर्चों जैसे ब्रोकरेज फीस, मेंटेनेंस चार्ज या पार्किंग फीस का भी पता लगाना चाहिए। आप ये भी पता करें कि आपको कितना लोन अपनी प्रॉपर्टी खरीद के लिए मिल सकता है।

प्रॉपर्टी में एप्रिसिएशन यानी भविष्य में इसकी कीमत में इजाफा हो सकता है या नहीं, इसका मौजूदा प्राइस इसकी वैल्यू के हिसाब से सही है या नहीं इसका भी ख्याल रखें। आगे चलकर किसी सामाजिक पचड़े में तो प्रॉपर्टी नहीं आ जाएगी, इसकी जानकारी रखना जरूरी है। सोशल और फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ कनेक्टिविटी कैसी रहेगी जैसी बातों का ख्याल रखना चाहिए।

सबसे आखिर में इस बात का ख्याल रखें कि प्रॉपर्टी खरीदना एक लॉन्ग टर्म कमिटमेंट है, आपको अच्छी तरह हर जांच कर लेनी चाहिए। आसपास की एमिनिटीज जैसे स्कूल, हॉसपिटल्स, ग्रॉसरी स्टोर और पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन की सुविधाएं होना आपके लिए ही फायदेमंद रहेगा।

**ज्यादा जानकारी के लिए आप निःशुल्क सलाह प्राप्त कर सकते हैं।**

Ramesh Aggarwal
Vaishali Property
9810772292
Plot No. 934,
Sector 64, Near 64-65
Dividing Road,
Ballabgarh,
Faridabad

Investor Smile
Bijendra Nehra
9899403449
Anshu Jain
9810796736
Vipul Plaza Sector
81 faridabad

Himanshu Associates
Mukesh Mangla
9582746272
Himanshu Mangla
8826517784
556 Ground floor
Sector 65,
Ballabhgarh
Faridabad

# अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लबगढ़।** गत शुक्रवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। माननीय अध्यक्ष श्री मान देवेन्द्र कुमार गुप्ता, महासचिव, श्री. दिनेश कुमार गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने पिछले सेमेस्टर (दिसंबर 2023) की विश्वविद्यालय परीक्षा में स्थान (प्रथम - तृतीय) प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। माननीय अध्यक्ष श्री. देवेन्द्र कुमार गुप्ता इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री. देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने एम एस सी रसायन विज्ञान की सुश्री मानसी गुप्ता को रसायन विज्ञान प्रथम सेमेस्टर में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 3100/- रुपये और बी.एस.सी. की जीया शर्मा को यूनिवर्सिटी मेरिट सूची में तीसरा स्थान हासिल करने के लिए 2100/- रुपये की पुरस्कार राशि सौंपी। उन्होंने यह भी कहा कि इन दोनों छात्रों की प्रवेश शुल्क में छूट दी जाएगी। श्री. देवेन्द्र कुमार गुप्ता ने छात्रों की उपलब्धि से बहुत खुश हुए और छात्रों को अपने प्रयास जारी रखने और अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समर्पित छात्र पूरे कॉलेज और संबंधित विभागों के लिए स्टार हैं। अध्यक्ष श्री. देवेन्द्र कुमार गुप्ता और कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता रसायन विज्ञान के छात्रों के समग्र परिणाम से बहुत खुश थे। उन्होंने इस शानदार सफलता के लिए पूरे विभाग को बधाई दी। छात्रों की उन्नति के लिए बड़ी पहल करने वाली रसायन विज्ञान विभाग की प्रभारी डॉ. प्रियंका सहरावत ने यह भी वादा किया कि वह छात्रों के भविष्य के लिए हमेशा कड़ी मेहनत करती रहेंगी। रसायन विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्योति यादव, डॉ. प्रियंका कुंडू, डॉ. सपना त्यागी और मानसी त्यागी के साथ-साथ लैब अटेंडेंट प्रमोद कुमार और सुशील कुमार ने इस आयोजन की सफलता के लिए कुशलता पूर्वक काम किया।



